# छापे में सोना-चांदी और गहने मिले

## अहमदाबाद की ईडी टीम ने की बड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, 01 जनवरी** धन पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नए साल की शुरुआत में बड़ा प्रहार किया है। अहमदाबाद आंचलिक कार्यालय की टीम ने हिमांशु उर्फ पिंटू भावसार और उससे जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ की गई तलाशी कार्रवाई में करोड़ों रुपये मूल्य की

▸ **शेयर बाजार में निवेश के नाम पर की थी ठगी**

सोना, चांदी, नकदी और विदेशी मुद्रा जब्त कर ली है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की जा रही जांच का हिस्सा है।

ईडी की इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह संकेत दिया है कि निवेश के नाम पर लोगों को गुमराह कर अर्जित की गई अवैध आय पर एजेंसी की कड़ी नजर है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी समूह ने शेयर बाजार में अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेशकों से धन जुटाया और बाद में उस धन को अलग-अलग माध्यमों से सफेद करने की कोशिश की। जब्त की गई संपत्तियों का पैमाना इस बात की ओर इशारा करता है कि मामला केवल साधारण वित्तीय अनियमितता का नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक अपराध का हो सकता है। ईडी अब इस पूरे नेटवर्क की परत-दर-परत जांच में जुट गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की अहमदाबाद आंचलिक इकाई ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर की गई कथित धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए हिमांशु उर्फ पिंटू भावसार और अन्य संबंधित व्यक्तियों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एजेंसी ने करोड़ों रुपये मूल्य की सोना, चांदी, नकदी, विदेशी मुद्रा और विभिन्न संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं।



> तलाशी के दौरान करीब 110 किलोग्राम चांदी की सिल्लियां बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 2.4 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा करीब 1.296 किलोग्राम सोने के बिस्कुट भी जब्त किए गए हैं, जिनका मूल्य लगभग 1.7 करोड़ रुपये आंका गया है। एजेंसी ने लगभग 39.7 किलोग्राम चांदी के आभूषण, 38.8 लाख रुपये की भारतीय मुद्रा और करीब 10.6 लाख रुपये के बराबर विदेशी मुद्रा भी अपने कब्जे में ली है। ईडी के मुताबिक यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की जा रही जांच का हिस्सा है।



## उप राष्ट्रपति कल तमिलनाडु की दो दिन की यात्रा पर जाएंगे

**नयी दिल्ली 01 जनवरी।** उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन शुक्रवार को तमिलनाडु की दो दिन की यात्रा पर जायेंगे। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि श्री राधाकृष्णन शुक्रवार को चेन्नई में डॉ. एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वह उसी दिन ताज कोरोमंडल में आयोजित रामनाथ गोयनका साहित्य सम्मान समारोह में भाग लेंगे। शाम को वह चेन्नई के कलैवनार अरंगम में आयोजित एक सार्वजनिक स्वागत समारोह में शामिल होंगे।

# बांग्लादेश को ले जाएगी संकट में पाकिस्तान-चीन की राह

## बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल मोमेन की चेतावनी

**नई दिल्ली, 01 जनवरी।** बंगलादेश के पूर्व विदेश मंत्री प्रोफेसर ए के अब्दुल मोमेन ने आगाह किया है कि यदि बंगलादेश पाकिस्तान और चीन के साथ अत्यधिक नजदीकी बढ़ाता है और धार्मिक कट्टरवाद पनपने देता है तो देश एक खतरनाक भू-राजनीतिक और वैचारिक भंवर में फंस सकता है।

उन्होंने ऐसी स्थिति में देश में आर्थिक गतिविधियों में ठहराव, कूटनीतिक अलगाव और सामाजिक विभाजन की भी गंभीर आशंका जतायी है। वर्ष 2019 से 2024 तक बांग्लादेश के विदेश मंत्री रहे प्रो. मोमेन ने यूनीवार्ता को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि बंगलादेश-पाकिस्तान-चीन का उभरता गठजोड़ न केवल ढाका के लिए बल्कि समूचे दक्षिण और



दक्षिण-पूर्व एशिया में गहरी अस्थिरता पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस गठजोड़ के कारण कई तरह की परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं जिनमें अमेरिका की ओर से दबाव या प्रतिबंध, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विश्वसनीयता में गिरावट, भारत और अन्य उदार पड़ोसी देशों से दूरी, और सबसे गंभीर रूप से जिहादी कट्टरवाद तथा अधिनायकवादी शासन की ओर बढना शामिल है।

> इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने इसी महीने कहा था कि रणनीतिक रूप से यह संभव है कि बंगलादेश पाकिस्तान के साथ किसी ऐसे क्षेत्रीय समूह में शामिल हो सकता है जिसमें भारत न हो। यह सर्वविदित है कि दिवंगत प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के शासनकाल के दौरान बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के चीन और पाकिस्तान दोनों से करीबी संबंध थे और उन्होंने उस समय पाकिस्तान की खुफिया एजेन्सी आईएसआई को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को अस्थिर करने के उद्देश्य से आतंकी शिविर चलाने की अनुमति दी थी।

# भारत-पाक ने परमाणु ठिकानों की सूची साझा की

**नई दिल्ली, 01 जनवरी।** भारत और पाकिस्तान ने गुरुवार को एक-दूसरे के साथ अपने-अपने परमाणु ठिकानों और प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह प्रक्रिया दोनों देशों के बीच

▸ **35 साल पुरानी परंपरा कायम**

पिछले 35 वर्षों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है और राजनयिक माध्यमों से नई दिल्ली व इस्लामाबाद में पूरी की गई।

विदेश मंत्रालय के अनुसार यह आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध संबंधी समझौते के तहत किया गया, जिस पर 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षर हुए थे। यह समझौता 27 जनवरी 1991 से प्रभावी हुआ और इसके अंतर्गत हर वर्ष 1 जनवरी को दोनों देश अपने परमाणु ठिकानों की जानकारी साझा करते हैं। पहली बार यह सूची 1 जनवरी 1992 को बदली गई थी। यह प्रक्रिया ऐसे समय में हुई है जब मई 2025 में पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के कथित परमाणु ठिकाने किराना हिल्स को लेकर सोशल मीडिया पर कई दावे सामने आए थे। हालांकि भारतीय सेना ने स्पष्ट किया था कि किसी भी परमाणु प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया। सीजफायर के बाद 12 मई 2025 को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयर मार्शल ए.के. भारती ने कहा था कि भारत ने किराना हिल्स पर कोई हमला नहीं किया। वहीं अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी पाकिस्तान में किसी परमाणु रिसाव या उत्सर्जन से इनकार किया था। 2025 रिपोर्ट के अनुसार भारत के पास अनुमानित 180 और पाकिस्तान के पास लगभग 170 परमाणु हथियार हैं।

> इस बीच भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की हिरासत में मौजूद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का भी आदान-प्रदान किया। भारत ने 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की जानकारी साझा की, जबकि पाकिस्तान ने 58 नागरिक कैदियों और 199 मछुआरों की सूची भारत को सौंपी। भारत ने पाकिस्तान से सजा पूरी कर चुके 167 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों, उनकी नौकाओं तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी का आग्रह किया है।

## दक्षिणी ब्राजील में गोलीबारी में 5 की मौत

**साओ पाउलो 1 जनवरी.** दक्षिणी ब्राजील के पराना राज्य में हुई दो संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में एक मृतक और चार सशस्त्र संदिग्धों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी।

एक व्यक्ति का शव कॉर्नेलियो प्रोकोपियो के एक मोहल्ले में मिला, जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह शहर राज्य की राजधानी कुरुतिबा से लगभग 380 किमी और अर्जेंटीना और पैराग्वे के साथ ब्राजील की सीमा से लगभग 520 किमी दूर स्थित है। सैन्य पुलिस ने बाद में इस मामले से जुड़े माने जा रहे चार सशस्त्र संदिग्धों का पता लगाया और उनका पीछा किया, जो बुधवार तड़के गोलीबारी में समाप्त हुआ, जिसमें चारों मारे गए।

# राष्ट्रपति से विपक्ष तक एकता का संदेश

**नई दिल्ली, 01 जनवरी।** नववर्ष 2026 के आगमन पर देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर आसीन नेताओं और प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने एक स्वर में देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और एक मजबूत, विकसित एवं समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और कांग्रेस नेतृत्व तक, सभी ने नए साल को एकता, सकारात्मक सोच और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री योगी जी ने भी एक्स पर एक संदेश पोस्ट करते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी। नववर्ष 2026 के अवसर पर देश



के प्रमुख नेताओं ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एक मजबूत, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नववर्ष संदेश में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कमजोर वर्गों के अधिकारों, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा और किसानों की समृद्धि को साझा राष्ट्रीय प्राथमिकता बताया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए नए साल में खुशहाली, स्वास्थ्य और सफलता की कामना की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नववर्ष को नए संकल्प, नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह केवल तारीख बदलने का अवसर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत और राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प लेने का समय है।


बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय,
स्टार हाउस 2 जोखिम प्रबंधन विभाग, सूचना सुरक्षा प्रकोष्ठ, सी-5, "जी" ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051.
ईमेल: security.information@bankofindia.bank.in

Bank of India
Relationship beyond banking

**सूचना सुरक्षा एवं लेखापरीक्षा सेवा प्रदाताओं (ISASPs) के पैनल में शामिल होने हेतु प्रस्ताव निवेदन (RFP)**

**प्रस्ताव निवेदन जमा करने की अंतिम तिथि:** 14.01.2026 को दोपहर 3.00 बजे तक पूरी जानकारी बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट **www.bankofindia.bank.in** पर "टेंडर" सेक्शन में उपलब्ध है।


## आज का इतिहास

1757 – ब्रिटिश सैनिकों ने भारत के कलकत्ता शहर (अब कोलकाता) पर कब्जा किया।

1839 – फ्रांसिसी फोटोग्राफर लुई दागुएरे ने चांद की पहली फोटो प्रदर्शित की।

1878 – केरल के प्रसिद्ध समाज सुधारक मन्नतु पद्मनाभन का जन्म हुआ।

1899 – रामकृष्ण के आदेश के बाद साधु कलकत्ता (अब कोलकाता) स्थित बेलूर मठ में रहने लगे।

1905 – हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक कथाकार और उपन्यासकार जैनेन्द्र कुमार का जन्म।


**M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of the Addl. Chief Engineer (THC) Sirmour, Distt. Rewa (M.P.) 486448, E-mail : eehqthc@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER (THROUGH E-TENDERING PROCESS ONLY)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Transporter/service provider/Firm/Proprietor/Manufacturer/authorized distributor/authorized dealer/supplier/Contractor/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following items:-

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/ Period/Tender Cost in Rs. | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & Time of E-Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 470146_1 | Proposal for hiring of 01 no. Air Conditioned compact sedan car, Petrol version (4+1 seater) with minimum engine capacity 1150 CC for official use of Superintending Engineer (O&M), at 3x20 MW, BHPS-III, Deolond with driver for monthly run of 2000 Km for 24 months. | 12.91 Lakh/ 1,000/- | 25,900/- | 21.01.2026 Up to 15:00 hrs | 23.01.2026 from 15:00 hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 465004_1 | Procurement of power contactor and auxiliary contactor relays for BHPS-IV, Jhinna and THPS-I, Sirmour. | 10.83 Lakh/ 1000/- | 21,700/- | 21.01.2026 Up to 16:00 hrs | 23.01.2026 from 16:00 hrs. onwards |
| 2025_ MPPGC_ 459874_1 | Work contract for providing assistance in day to day routine operation of unit and associated auxiliaries, operation of OTIS elevator and cutting & cleaning of shurbs at 3x105 MW, THPS-I, MPPGCL, Sirmour. | 55.24 Lakh/ 2000/- | 1,10,500/- | 15.01.2026 Up to 16:00 hrs | 19.01.2026 from 16:00 hrs. onwards |

For further details of amendments/extensions/corrigendums etc. please visit website **https://mptenders.gov.in** regularly. No separate information shall be published in print media for instant tender.
M.P. Madhyam/123788/2026 — SAVE ELECTRICITY — ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)


# नए साल में शिवराज का अफसरों को सख्त संदेश

▸ **किसानों-ग्रामीणों के लिए लक्ष्यपूर्ण सेवा का संकल्प**

**नई दिल्ली, 1जनवरी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नए वर्ष के पहले दिन अपने दोनों मंत्रालयों के अधिकारियों को संकल्प दिलाया, इसके साथ ही नया वर्ष 2026 केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालयों के लिए नई ऊर्जा और संकल्प के साथ शुरू हुआ।**

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रालयों के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान के अनुरूप सरकार फाइलों में नहीं, जनता की लाइफ में दिखनी चाहिए का संकल्प दोहराया। श्री चौहान ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालयों से जुड़ी है, इसलिए हमारा हर कदम किसानों और ग्रामीणों की भलाई के लिए होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम भावना से काम करते हुए साप्ताहिक लक्ष्य तय करें और पूरे वर्ष की कार्ययोजना भी तैयार करें, ताकि काम में तेजी और परिणामों में स्पष्टता लाई जा सके। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सुधार की जो दिशा दी है, उसके अनुरूप प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर जनता को राहत देना मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने



अधिकारियों से कहा कि ऐसी कार्यप्रणाली अपनाई जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति को अपने काम के लिए विभागों के चक्कर न लगाने पड़ें। श्री चौहान ने कहा कि भारत की सोच आदर्श और उन्नत है- प्रधानमंत्री जी ने गुलामी के अंशों को मिटाने का जो आह्वान किया है, उसी भावना से ग्रामीण भारत को विकसित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीड एक्ट और पेस्टीसाइड एक्ट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए ताकि संसद सत्र में इन विधेयकों को प्रस्तुत किया जा सके और किसानों को सीधी राहत मिले। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि योजनाओं की राशि जारी करने से पहले राज्यों से पूर्ण विचार-विमर्श किया जाए, ताकि पारदर्शिता और सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। राज्यों के कृषि विकास के लिए समयबद्ध रोड़मैप तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। श्री चौहान ने विकसित भारत – जी राम राम जी योजना के अंतर्गत आदर्श गांवों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण भारत के सर्वोत्तम विकास कार्य अब देश के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।


**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

**ट्रांसपोर्ट नगर, सुभाष नगर, महाराजपुर, जबलपुर एवं पनागर जबलपुर में ऑफर के माध्यम से व्यावसायिक भूखण्ड/शाला भूखण्ड/चिकित्सा भूखण्ड एवं हाथीताल के ऑफिस हॉल का तुरंत आधिपत्य प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर**

| क्रं. | संपत्ति का विवरण | भूखण्ड क्षेत्रफल (व.मी.) | भूखण्ड का अपसेट मूल्य (रु. लाख) | धरोहर राशि (रुपये) | आवेदन शुल्क (रुपये/जी.एस.टी. सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाईस्कूल भूखण्ड सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर। | 5005.39 | 286.67 | 43.00 | 1770/- |
| 2. | प्राइमरी स्कूल भूखण्ड (अ) सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर। | 1963.73 | 112.60 | 16.89 | 1770/- |
| 3. | प्राइमरी स्कूल भूखण्ड (ब) सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर। | 1757.79 | 100.86 | 15.13 | 1770/- |
| 4. | नर्सरी स्कूल भूखण्ड सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर। | 1181.41 | 68.05 | 10.21 | 1770/- |
| 5. | स्वास्थ्य केन्द्र सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर। | 5676.61 | 390.00 | 58.50 | 1770/- |
| 6. | स्कूल भूखण्ड पनागर जबलपुर। | 1200.00 | 37.00 | 7.40 | 1770/- |
| 7. | ट्रांसपोर्ट नगर महाराजपुर स्थित कोल्ड स्टोरेज भूखण्ड। | 1478.00 | 117.47 | 17.62 | 1770/- |

**हाथीताल कॉलोनी जबलपुर पुराना रेस्ट हाउस परिसर में यथास्थिति में सस्ते दरों में ऑफर के माध्यम से ऑफिस हॉल क्रय कर तुरंत आधिपत्य प्राप्त करने का सुनहरा अवसर**

| क्र. | योजना का नाम एवं प्रकार | संपत्ति का प्रकार एवं क्रमांक | भूखण्ड क्षेत्रफल (व.मी.) | कुर्सी क्षेत्रफल (प्रति भवन/ व.मी.) | संपत्ति का अपसेट मूल्य (प्रति भवन/ रु. लाख) | धरोहर राशि (रु. लाख) | ऑफर पत्र का मूल्य (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 24 ऑफिस हॉल/दुकान | द्वितीय तल- 1, 2, 3, 4, 5, 6 एवं 7 | 12.90 | 12.90 | 7.48 | 149600.00 | 1770/- |

| आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 29.01.2026 | ऑफर राशि (बिड) डालने हेतु अंतिम तिथि एवं समय : 30.01.2026 | ऑफर खोलने की तिथि एवं समय 02.02.2026 समय 03:00 बजे। |
|---|---|---|
| रिक्त रहने की स्थिति में पुन : 24.02.2026 | 26.02.2026 | 27.02.2026 |
| रिक्त रहने की स्थिति में पुन : 17.03.2026 | 19.03.2026 | 20.03.2026 |

**प्रक्रिया एवं शर्तें:-** (1). ऑफर हेतु आवेदक को **www.mphousing.in** पर अथवा **www.mponline.gov.in** पर भी आवेदन पत्र रुपये 1770/- जमा कर ऑनलाइन भरना होगा। (2) धरोहर राशि ऑनलाइन/आर.टी.जी.एस. से जमा करनी होगी। (3). धरोहर राशि के जमा होने के पश्चात् आवेदक को रजिस्टर्ड मोबाइल पर बिड आई.डी. प्राप्त होगी जिसके माध्यम से आवेदक अपना ई-ऑफर जमा कर सकेगा। आवेदन एवं धरोहर राशि जमा करने तथा ऑफर राशि (बिड) डालने हेतु उपरोक्तानुसार तिथि एवं समय निर्धारित है। (4). एक प्रतिशत लीजरेन्ट एवं जी.एस.टी. व शासन तथा मण्डल को देय अन्य प्रभार पृथक से देय होंगे। (5). अन्य सभी शर्तें मण्डल पोर्टल www.mphousing.in/www.mponline.gov.in पर उपलब्ध। (6) भूखण्ड जहां, जैसी यथा स्थिति में विक्रय हेतु प्रस्ताव आमंत्रित है। ऑफर प्रस्तुत करने के पूर्व स्थल पर संपत्ति का निरीक्षण कर लेवें, ऑफर स्वीकृत होने के बाद किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। वास्तविक माप प्रमाण पत्र के आधार पर परिवर्तन होने की स्थिति में प्रस्तुत मूल्य की औसत राशि लागू होगी।

**संपर्क :-** संतोष ठाकुर (संपदा अधिकारी, प्रक्षेत्र जबलपुर) मो. 9424658909, अंकिता गुप्ता (सहायक, उपसंभाग महाराजपुर जबलपुर) मो. 9406916509

म.प्र. माध्यम/123799/2026

**ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023**

**पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।**

Follow us on /mphidb /mphidb



BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(10-02-26): **बालाघाट** - BGL; PLB3GOL14947444. **बेतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PEJ4GOL14973356, 14970359, 14972504, 14972407. **भोपाल - इंद्रपुरी**; PEF9GOL15001817. **भोपाल - करोद**; P09VGOL15002890. **भोपाल - मध्यप्रदेश नगर**; PGM8SGL14993039, 14998732, 14995717. (11-02-26) **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PEL7GOL15018845, 15050259. **छिंदवाड़ा — परासिया रोड**; PCV3SGL15072979, 15067692, 15072221. **डाबरा - मेन रोड**; PX91GOL15062270, 15061996, 15065198. **दतिया -सीता सागर**; P86HSGL15088278, 15095129. (12-02-26): **देवास - एबी रोड**; PCR3SGL15084059. **गादरवाड़ा - इंद्रा वार्ड**; P87QSGL15134483. **गंज बसोदा - मेन रोड**; PAE6PFI15120505. **गुना - ए बी रोड**; PER5SGL15144166, 15151026, 15144794, 15146281. (13-02-26) **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PGC5SGL15153864, 15146406, 15151772, 15147780, 15157718. **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; P86QSGL15146923, 15151667, 15146421. **ग्वालियर - मोरार**; PEN7GOL15151369, 15156459, 15150254. **ग्वालियर - नया बाज़ार**; P93ASGL15155226, 15154974, 15141961. **ग्वालियर -विनय नगर**; PKA3GOL15150733, 15148479, 15152782, 15148903, 15143294, 15153136, 15145057, 15153345, 15141844, 15143392, 15156174. (16-02-26) **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; P4W1GOL15167718, 15179916, 15182452, 15178398, 15171499. **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड**; PGH5SGL15166624. **इंदौर - विजय नगर**; PSB5GOL15177230, 15171687. **इटारसी - सराफा बाज़ार**; PB92GOL15177470, 15181346, 15172055, 15179752, 15183998, 15172607. (17-02 26): **जबलपुर - राइट टाउन**; PJ16GOL15182204. **खरगोन - जवाहर मार्ग**; PEH8GOL15293429, 15291344, 15297761. **मंदसौर - नयापुरा रोड**; PGF2GOL15345817. **मुरैना - शिवनगर**; PGH2SGL15353949, 15350039, 15350853, 15346300, 15345858, 15349516, 15354809, 15350673, 15359269, 15354801, 15358609, 15354303, 15357375, 15346608. (18-02-26) **पोरसा** - BGL; PGH2SGL15435565, 15428766, 15437224. **रीवा** - BGL; PB38GOL15464178, 15453095, 15460398, 15454391, 15450796, 15462354, 15463553, 15467126, 15460606. **सबलगढ़**; PLY1GOL15453905, 15461988. **सागर - परकोटा**; PBW9SGL15450850. (19-02-26): **सतना - रीवा रोड**; PJV5SGL15474988. **शहडोल** - BGL; PEH7GOL15488558, 15474263, 15490101, 15477078, 15479869, 15479282, 15475241, 15480244. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PJC9GOL15482473, 15478377, 15487618, 15480580, 15482290. **शिवपुरी - एबी रोड**; PGE3SGL15489508, 15479844, 15482419, 15484546, 15475505, 15485772. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCY1GOL15523255, 15523110, 15523276.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**